BSES

बिजली चोरों के खिलाफ बीआरपीएल का अभियानः

अगले ढाई महीने में होंगी 200 छापेमारी

नई दिल्लीः 17 जनवरी, 2011। बीआरपीएल ने बिजली चोरों के खिलाफ जोरदार अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत, अगले ढाई महीनों के दौरान 200 से अधिक छापे मारे जाएंगे। इस अभियान की खास बात यह है कि सिर्फ दिन में ही नहीं, बल्कि अल सुबह और रात में भी छापेमारी की जा रही है। दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में अधिक बिजली चोरी वाले कुल 125 इलाके, इस अभियान के निशाने पर हैं। अक्सर छापेमारी के दौरान बीएसईएस टीमों पर असामासजिक तत्व हमले कर देते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ बिजली चोरों के खिलाफ छापे मारे जा रहे हैं।

छापेमारी शुरू होने के सात दिनों के भीतर ही, बीआरपीएल एन्फोर्समेंट टीमों ने 750 स्थानों पर छापेमारी कर, 5000 किलोवॉट से अधिक की बिजली चोरी पकड़ी। जनवरी के पहले सप्ताह में शुरू हुआ यह अभियान 31 मार्च तक चलेगा। जिन इलाकों में छापे मारे जा रहे हैं, उनमें से ज्यादातर पॉश कॉलोनियों के निकट स्थित हैं।

ताकि सटीक स्थान पर छापेमारी हो और बिजली चोर पकड़े जाएं, इसके लिए बीआरपीएल ने अत्याधुनिक तकनीक का सहारा लिया है। 6000 वितरण ट्रांसफॉर्मरों के डेटा को इकट्ठा कर, उसका अध्ययन किया गया है और अब बीआरपीएल के पास पुख्ता जानकारी है कि किस इलाके में कितनी बिजली चोरी हो रही है। इसके अलावा, यह भी सूचना है कि कौन से उपभोक्ता बिजली चोरी में लिप्त हैं।

बीआरपीएल के एक अधिकारी के मुताबिक– ठंड बढ़ते ही बिजली चोरी में भी काफी बढ़ोतरी हो गई है। बिजली चोरी की वजह से सिस्टम पर बहुत दबाव पड़ रहा है, जिस कारण ट्रिपिंग होती है। यही नहीं, इससे बिजली वितरण के उपकरण भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। साथ ही, यह सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। चिह्नित किए गए 125 इलाकों में डोर स्टेप सर्विस के तहत उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन भी मुहैया कराया जा रहा है। सर्विस लाइन के आधुनिकीकरण पर भी काम चल रहा है।

जुलाई 2002 से लेकर अब तक बीआरपीएल ने बिजली चोरी के 1.01 लाख मामले पकड़े हैं और 6.27 लाख किलोवॉट बिजली की चोरी पकड़ी है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: प्रशान्त दुआ
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999870 / 9312007822

चंद्र पी कामत
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999415 / 9350130304